# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 22 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



**Rajasthan Current Affairs**

**by GK Search Engine**

GET IT ON Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

# Q. प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में कौनसे स्थान पर है

**(A) पहले**

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

- किसानों को दिन में सस्ती और प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा देने के लिए लांच की गई पीएम कुसुम योजना में राजस्थान टॉप 3 के राज्यों में शामिल हो गया है।
- 20 माह में राजस्थान ने योजना के दो कम्पोनेंट में 2 हजार मेगावाट से ज्यादा के संयंत्र स्थापित होने के साथ ही उत्पादन शुरु हो गया हैं। राजस्थान कंपोनेंट-ए में देश में प्रथम राज्य है तथा कंपोनेंट-सी में महाराष्ट्र तथा गुजरात के बाद तीसरे स्थान बिजलीपर है।
- राजस्थान ने मई माह में 1 हजार मेगावाट क्षमता का स्तर छुआ था, मात्र 4 महीने में ही 2 हजार मेगावाट क्षमता अर्जित की है। इन प्लांटों से प्रदेश में 1 लाख 23 हजार से अधिक सोलर पंपों को ऊर्जीकृत कर किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ हो पा रही है।

## Yesterday Revision

**1**. हाल ही में यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिहाज से ट्रेन में एसी कोच में सांगोनर-बगरू प्रिंटेड कंबल कवर देने की शुरुआत कहां से हुई है?:- खातीपुरा रेलवे स्टेशन

**2**. हाल ही में बहरीन में आयोजित होने वाले एशियन यूथ खेलों के लिए मुआईथाय गेम्स में राजस्थान के कितने खिलाड़ी हिस्सा लेंगे?:- 9

**3**. राजस्थान का कौनसा संस्थान क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया (QCI) रैंकिंग में देशभर में प्रथम स्थान पर है?:- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर

**4**. ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में पुलिस शहीद दिवस कब मनाया जाएगा?:- 21 अक्टूबर

**5**. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन डेस्टिनेशन योजना शुरू की गई है?:- राजस्थान

01. हाल ही में राजस्थान में शहरी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए किस जिले में नया नगर निगम बनाए जाने का निर्देश दिया है?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) कोटा

(D) उपरोक्त सभी

**Important Facts:**

- राजस्थान में शहरी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने जयपुर, जोधपुर और कोटा में एक-एक नया नगर निगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।
- इस दिशा में सरकार ने इन शहरों के मौजूदा छह नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे नए नगर निगम बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें।
- विशेषज्ञों का कहना है कि नए नगर निगमों के बनने से शहरों के विकास में गति आएगी और स्थानीय प्रशासन के निर्णय और नीतियों का कार्यान्वयन अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा। साथ ही, नागरिकों को भी सरकारी सेवाओं तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

**02. राजस्थान में मुख्यमंत्री फेलोशिप प्रोग्राम के तहत चयनित होने वाले युवाओं को हर महीने कितने रुपये मिलेंगे?**

(A) 35 हजार रुपये

**(B) 65 हजार रुपये**

(C) 50 हजार रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश के लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं के लिए मुख्यमंत्री फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किया है
- इस प्रोग्राम में चयनित होने वाले युवाओं को हर महीने 65 हजार रुपये मिलेंगे. जिसमें 60 हजार रुपये स्टाइपेंड और 5,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा. इससे पहले सरकार की यंग प्रोफेशनल्स स्कीम के तहत ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को इंटर्नशिप का मौका मिलता था. जिसे विस्तार करते हुए सीएम फेलोशिप प्रोग्राम शुरु किया गया है.
- इसके तहत युवा बिना भर्ती परीक्षा के सीधे सरकारी विभागों में काम कर सकेंगे. इस फेलोशिप प्रोग्राम का उद्देश्य युवाओं को सरकारी कार्य प्रणाली से परिचित कराना और उन्हें प्रशासनिक काम में व्यावहारिक अनुभव देना है

**03. राजस्थान का पहला कछुआ और डॉल्फिन संरक्षण केंद्र कहां खोला जाएगा?**

(A) कोटा

**(B) धौलपुर**

(C) भरतपुर

(D) बूंदी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- दुर्लभ कछुओं और डॉल्फिन संरक्षण के लिए धौलपुर में प्रजनन केन्द्र खोला जाएगा। इसका प्रस्ताव बना कर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने राजस्थान चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ऑफिस को भेजा गया है।
- स्वीकृति मिलने के बाद यह राजस्थान का पहला प्रजनन केंद्र होगा जहां कछुओं को संरक्षण दिया जाएगा।
- प्रजनन केंद्र चंबल नदी के किनारे पर बनाया जाएगा।
- वन विभाग एवं टीएसए फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त संरक्षण प्रयासों के तहत धौलपुर राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य ने जून माह में संकटग्रस्त बाटागुर कछुआ प्रजातियों के अंडों का सफलतापूर्वक संरक्षण कर 3 हजार 267 कछुआ शावकों को चंबल नदी में छोड़ा था

04. हाल ही में 'चेग ग्लोबल स्टूडेंट पुरस्कार 2025' जीतने वाले पहले भारतीय छात्र कौन बने हैं?

(A) आर्यन सिंह

(B) आदर्श कुमार

(C) मनीष अग्रवाल

(D) रोहन मेहता

**Important Facts:**

- राजस्थान में जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर के छात्र आदर्श कुमार ने इतिहास रचते हुए 'चेग ग्लोबल स्टूडेंट पुरस्कार 2025' जीत लिया है। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बने हैं, उन्हें 88 लाख रुपए की पुरस्कार राशि लंदन में आयोजित समारोह में प्रदान की गई।
- पुरस्कार विश्व स्तर पर नोबेल प्राइज फॉर स्टूडेंट्स कहलाता है और हर वर्ष शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा को दिया जाता है।
- इस वर्ष 148 देशों के 11 हजार से अधिक छात्रों में से आदर्श को यह सम्मान मिला।

05. हाल ही में कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके के रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स 2025 में भारत का नंबर-1 होटल कौन सा घोषित किया गया है?

(A) लेक पैलेस उदयपुर

(B) रामबाग पैलेस जयपुर

(C) उम्मेद भवन पैलेस जोधपुर

(D) ओबेरॉय उदयविलास उदयपुर



**Important Facts:**

- रामबाग पैलेस को राजस्थान में सबसे प्रतिष्ठित और दुनिया के शीर्ष होटलों में से एक माना जाता है। इसे भारत के नंबर 1 होटल के रूप में स्थान दिया गया है और यह कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके की वैश्विक सूची में 14वें स्थान पर है।
- कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके के रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स 2025 में इसे मिला 98.08 स्कोर, वहीं वर्ल्ड लेवल पर 14वां स्थान हासिल कर इसने इतिहास रच दिया।
- यह मूल रूप से 1835 में बना था और कभी जयपुर के महाराजाओं का शाही निवास था। आज, यह Taj Hotels द्वारा संचालित एक शाही और शानदार होटल है, जो इतिहास, संस्कृति और विलासिता का अनुभव प्रदान करता है।

**06. राजस्थान के किस जिले में पायलट प्रशिक्षण हेतु एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा?**

(A) बीकानेर

(B) कोटा

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- कोटा में झालावाड़ रोड स्थित वर्तमान एयरपोर्ट परिसर में एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा। जिससे इस एयरपोर्ट की जगह का भी उपयोग किया जा सकेगा।
- दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट को शुरू करने की स्वीकृति दी गई।
- इस इंस्टीट्यूट में एविएशन से संबंधित कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि इस इंस्टीट्यूट में युवाओं को पायलट, कैबिन क्रू व ग्राउंड स्टाफ से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा
- इस इंस्टीट्यूट का संचालन एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया(एएआई) द्वारा संचालित किया जाएगा

07. भारत सरकार की योजना इंस्पायर अवार्ड 2025 में जयपुर देश भर में कौनसे स्थान पर रहा है?

(A) तीसरे

(B) पहले

(C) चौथे

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- इंस्पायर अवार्ड 2025 में जयपुर देश भर में चौथे स्थान पर
- इंस्पायर अवार्ड 2025, जिसे 'इंस्पायर अवार्ड मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज' के नाम से भी जाना जाता है।
- इंस्पायर अवार्ड के लिए सर्वाधिक नवोन्मेषी विचार प्रस्तुत करने में जयपुर ने देश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया, जहाँ बच्चों द्वारा 6,311 नवोन्मेष विचार प्रस्तुत किए गए।
- यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए 2008 में शुरू की गई एक योजना है, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है। चयनित छात्रों को उनके विचारों का वैज्ञानिक मॉडल बनाने के लिए ₹10,000 की प्रोत्साहन राशि मिलती है।

08. राजस्थान में"कोटा ट्रैवल मार्ट 2026 " का आयोजन कब किया जाएगा ?

(A) 11-15 जनवरी 2026

(B) 02-04 जनवरी 2026

(C) 08-10 जनवरी 2026

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान एवं पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 2, 3 एवं 4 जनवरी 2026 को कोटा में "कोटा ट्रैवल मार्ट" का आयोजन किया जाएगा।
- इसी आयोजन की तैयारियों के तहत यह रोड शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे।
- इस रोड शो के पश्चात होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान देश के अन्य बड़े शहरों के साथ-साथ राजस्थान के प्रमुख शहरों में भी रोड शो आयोजित करेगा

**09.हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर को सितंबर 2025 में ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला?**

(A) अभिषेक शर्मा

(B) यशस्वी जयसवाल

(C) संजू सैमसन

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- अभिषेक, मंधाना को सितंबर 2025 में ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला
- अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना को ICC प्लेयर्स ऑफ़ द मंथ (सितंबर 2025) चुना गया।
- अभिषेक ने एशिया कप में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का खिताब और रिकॉर्ड 931 ICC T201 रेटिंग अंक अर्जित किए, जो इस प्रारूप में अब तक के सर्वोच्च हैं।
- स्मृति मंधाना ने एकदिवसीय मैचों में किसी भारतीय महिला द्वारा बनाया गया सबसे तीव्र शतक लगाया, उन्होंने केवल 50 गेंदों में 100 रन पूरे किए।

**10. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस कब मनाया गया है?**

(A) 16 अक्टूबर

(B) 17 अक्टूबर

(C) 15 अक्टूबर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस: 17 अक्टूबर
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 17 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- 2025 का विषय: 'एंडिंग सोशल एंड इंस्टीटूशनल मैलट्रीटमेंट बाय इंसुरिंग रेस्पेक्ट एंड इफेक्टिव सपोर्ट फॉर फैमिलीज़'
- 1987: पेरिस में पहली बार विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया गया।
- 1992: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आधिकारिक तौर पर इसे अंतर्राष्ट्रीय निर्धनता उन्मूलन दिवस घोषित किया।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिहाज से ट्रेन में एसी कोच में सांगोनर-बगरू प्रिंटेड कंबल कवर देने की शुरुआत कहां से हुई है?**

(A) खातीपुरा रेलवे स्टेशन

(B) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन

(C) गांधीनगर रेलवे स्टेशन

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine